## सार-समाचार

### जल भराव से रोजमर्रा का कार्य बाधित

**जोधपुर**, (कासं )। जोधपुर के बनाड़ स्थित अंबिका आश्रम रोड और नांदडी रोड स्थित कॉलोनियों में बरसात के जल भराव ने क्षेत्र के लोगों का रोजमर्रा का कार्य प्रभावित हो रहा। यहां भरे पानी के कारण लोग परेशान हो रहे है। क्षेत्र के लोगों ने समस्या से एडीएम को अवगत करवाया और ज्ञापन सौंपा। एडीएम प्रथम रतन लाल योगी व सैंकेड दिप्ती शर्मा ने समस्याओं को सुना। जिम्मेदार अधिकारियों को फोन पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां 400 घर है और करीब 1000 लोग रहते है। 200 के करीब बच्चे स्कूल जाते है। क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव के कारण घर से निकलना दुभर हो गया है। लगातार जल भराव की वजह से मच्छर पैदा हो गए है। ऐसे में डेंगू-मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्र निवासी मोहनलाल चौधरी ने बताया कि झोपड़ी रोड पर सबसे ज्यादा समस्या है। यहां लंबे समय से जलभराव है। लोगों को काम पर जाने तक में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि खोखरिया ठाम पंचायत की सरपंच को भी अवगत करवाया था। उन्होंने विधायक को मूलभूत सुविधा के लिए पत्र लिखा लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि यहां शहर का गंदा पानी भी पहुंचता है ऐसे में नालों का पानी यहां आने से क्षेत्र में बदबू के कारण रहना दुर्भर हो गया है। जिन्होंने रेंट पर मकान लिए थे। वह छोड़कर चले गए। इस क्षेत्र में पानी की भी समस्या है। सुरेश चौधरी ने बताया-सबसे पहले क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान हो इसलिए आज एडीएम के पास पहुंच कर ज्ञापन दिया । उन्होंने उसी समय जिम्मेदार अधिकारियों को कॉल कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया है।

### कई स्थानों से वाहन चोरी

**जोधपुर**, (कासं )। शहर में सक्रिय वाहन चोरों ने कई स्थानों से मोपेड और बाइक्स को चुरा लिया। 24 घंटों में आधा दर्जन से ज्यादा मामले संबंधित थानों में दर्ज हुए है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेजों से वाहन चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि नागौरी सिलावटान इस्हाकिया स्कूल के पास रहने वाले मोहम्मद नदीम पुत्र मोहम्मद साबिर ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह मिनर्वा सेंटर के सामने एक मार्केट में आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। दूसरी तरफ प्रतापनगर पुलिस के अनुसार इन्द्रा कॉलोनी राणी भटयाणी मंदिर के पास रहने वाले राहुल कुमार पुत्र बदरीराम की बाइक आखलिया क्षेत्र से चोरी हुई। वहीं राजीव गांधी नगर थाने में दी रिपोर्ट में सूरसागर के भूरटिया निवासी लक्ष्मणराम पुत्र भंवरलाल प्रजापत ने पुलिस को बताया कि भीम भडक़ के पास से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि बासनी पुलिस ने बताया कि मूलत: बोरूंदा के रणसी गांव हाल सांगरिया फांटा भाटी डेयरी के पास रहने वाले मनोहरलाल पुत्र मदाराम की बाइक उसके घर के बाहर से चोरी हुई। श्रमिक कॉलोनी के पीछे पूर्वी पाल रोड निवासी भोला पुत्र विन्देश्वर विश्वकर्मा ने बासनी पुलिस को बताया कि गीता धाम तनावड़ा फांटा आया था जहां से कोई उसकी बाइक को चुरा ले गया। वहीं मूलत : जैतारण के कुशालपुरा हाल दंड स्कूल के पास शंकर निवासी प्रेमसिंह राजपुरोहित पुत्र गणपत सिंह राजपुरोहित इस्कॉन मंदिर आया था। जहां से उसकी बाइक पार हो गई। बासनी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सरदारपुरा पुलिस के अनुसार रेलवे आवास नेहरू कॉलोनी सरदारपुरा निवासी वर्षा पारिक पत्नी हेमन्त पारिक की गाड़ी घर के बाहर से चोरी हो गई।

### स्कूटी योजना की अन्तरिम सूची जारी

**पाली**, (नि.सं.)। राजकीय बांगड़ पी.जी. महाविद्यालय,पाली में सत्र 2023-24 की कालीबाई भील मेधावी/देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना की अन्तरिम सूचियां जारी की गई है। नोडल प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा सत्र 2023-24 की कालीबाई भील मेधावी/देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना की अन्तरिम सूचियां जारी की गई है। जिला पाली के सभी राजकीय एवं निजी महाविद्यालय अपने छात्राओं के आवेदनों की नियमानुसार भली भांति जांच कर ले। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना में सामान्य वर्ग की सभी छात्राओं उच्च शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग की अस्थाई वरीयता सूची जारी की गई है। नोडल प्रभारी डॉ. रश्मि पाठक ने बताया कि कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना/देवनारायण की अन्तरिम वरीयता सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। अंतरिम वरीयता सूची में उल्लेखित छात्राओं का विवरण में कोई आपत्ति होने पर संबंधित प्राचार्य को अवगत कराना होगा। संबंधित महाविद्यालय निर्धारित प्रपत्र में नोडल महाविद्यालय को सूचित करेंगे।

### खेल कार्यालय का उद्घाटन

**जोधपुर**, (कासं )। युवक युवतियों को खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जैन युवा संघ सोसायटी द्वारा आयोजित 38 वीं राज्य स्तरीय ओसवाल खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज जोधपुर में 15 सितम्बर से होगा, जिसके कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को किया गया। संघ अध्यक्ष खुश सिंघवी व सचिव पीयूष भंडारी ने बताया कि सोमवार को सरदारपुरा स्थित महावीर कॉम्पलेक्स में सोसाइटी के कार्यालय का उद्घाटन विनायक पूजन से किया गया। संघ के प्रचार मंत्री पियूष रायसोनी ने बताया कि कार्यालय उद्घाटन समारोह में संघ के पूर्व अध्यक्ष विवेक सिंघवी, सतीश चोपड़ा, शैलेंद्र भंडारी, ललित सराफ, खेलकूद मंत्री हितेश धोका, सह कोषाध्यक्ष अलोक चैरडिया एवं संघ सदस्य प्रवीण धारीवाल, अरविन्द मेहता, मनीष कोठारी, मनीष अब्बाणी, रवि सराफ, नरेन्द सराफ, नितिन जैन, पंकज सिंघवी, दिव्यांश लोढ़ा, धवल कोठरी, मोहित जैन, शुभम जैन, विशाल भण्डारी सहित बडी संख्या में संघ सदस्य मौजूद थे।

### जाटाबास में स्वाध्याय दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं )।आचार्य महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी कुंदनप्रभा आदि ठाणा 4 के मंगल सानिध्य में तेरापंथ भवन जाटाबास जोधपुर में पर्युषण महापर्व का दूसरा दिन स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया। साध्वी विद्युतप्रभा ने आगम वाणी के सूत्रों के आधार पर मानव जीवन के चरम लक्ष्य प्राप्ति के आधार सम्यकत्व प्राप्ति की चर्चा की। उन्होंने सतत स्वाध्यायी बनने की प्रेरणा देते हुए अनेक आगमिक का उदाहरण दिया। साध्वी कुंदनप्रभाजी ने महावीर के पूर्व भव नयसार की बात बताते हुए दान का महत्व समझाया। अंत में स्वाध्याय पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति देते हुए सभी को स्वाध्याय करने की प्रेरणा दी। साध्वी चारित्रप्रभा ने स्वाध्याय पर बोलते हुए लोगों को स्वाध्याय से आदमी कैसे कर्म निर्जरा करता है, ताश के पत्तों के माध्यम से सभी को तत्वज्ञान के द्वारा सतत स्वाध्यायी बनने की बात समझाई। साध्वी विद्युतप्रभा ने स्वाध्याय की महता पर प्रवचन दिया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल के मंगलाचरण से हुई।

### काश्तकार के बीस हजार रुपए चोरी

**जोधपुर**, (कासं )। शहर के निकटवर्ती राजीव गांधी, नगर प्रेम विहार में एक फार्म हाउस पर कमरें में सो रहे काश्तकार के बीस हजार रूपए चोरी हो गए। रूपए कुर्ते में थे और दीवार फांद कर आया चोर उसे ले गया। फार्म हाउस मालिक की पुत्री ने इस बारे में पुलिस में केस दर्ज कराया है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि शुभम भवन, जालोरी गेट के अन्दर रहने वाली अजीता ओझा पुत्री अरूण कुमार ओझा ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि प्रेम विहार में उसके पिता का कृषि फार्म हाउस आया हुआ है। जहां पर 31 अगस्त की रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति दीवार फांद कर अन्दर घुसे और काश्तकार गोकुलराम पटेल के खूंटी से टंगे कुर्तें में रखे 20 हजार की नकदी चुराकर ले गए। पुलिस ने अनुसंधान आरंभ किया है।

### बदमाशों ने मारपीट कर पर्स लूटा

**जोधपुर**, (कासं )। शहर के महामंदिर, शिप हाउस रोड पर एक युवक को दो तीन बदमाशों ने रास्ता रोका और मारपीट कर पर्स लूट कर ले गए। पर्स में कुछ नगदी के साथ जरूरी दस्तावेज थे। महामंदिर पुलिस ने बताया कि चारण सभा भवन के सामने बसंत कुमार परिहार के मकान में रहने वाले नीरज जांगिड़ पुत्र स्व. रामरतन जांगिड़ ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि शिप हाउस के पास अज्ञात बदमाशों ने रात्रि के समय उसका रास्ता रोककर मारपीट की और उसका पर्स छीनकर ले गए। पर्स में करीब साढ़े सात हजार रूपए की नकदी और दस्तावेज थे।

### ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के क्रियान्वयन के लिए वर्मीकम्पोस्ट इकाई स्थायी निर्माण कार्यक्रम के तहत राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए कृषक/नागरिक अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क से आवेदन कर सकते हैं।

# विश्व हिंदू परिषद् ने धोरीमन्ना में जागरण कार्यक्रम किया

**धोरीमना**, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद के गठन को 60 वर्ष पूर्ण होने पर होली चौक धोरीमना में जागरण का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ विष्णु राम बिश्नोई, संत कृष्णागिरी, परमेश्वर जोशी, प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद पाली तेज सिंह चौहान धोरीमना खंड संघ चालक गिरधारी लाल मास्टर, समाजसेवी भाजपा नेता जय किशन भादू, सुरेश गिगल, राजेंद्र प्रसाद मालू गोपाल भार्गव, सोहनलाल सोनी, भाजपा नेता समाजसेवी नारायण राम प्रजापत, कुम्हारो की बेरी सीमाराम मेघवाल जवानाराम गोसाई कार्यक्रम की शुरुआत की। वही गजानंद की प्रस्तुतियां एवं दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। प्रथम पुरस्कार भावना संत धोरीमन्ना, द्वितीय पुरस्कार किसनाराम प्रजापत रामजी गोल, बाबूलाल संत धोरीमन्ना, लूभदास वैष्णव रोली, रमेश नामा, दिनेश जांगू, ठाकराराम गवारिया, लक्ष्मण गवारिया, प्रेमदास संत, जुझाराम चौधरी, किशन संत, ढोलक वादक, गुरुमहिमा भजनों द्वारा स्त्रोतों को मोहित कर दिया। पत्रकारों को सम्मानित किया। भीखाराम प्रजापत, दिनेश ढाका, धनराज सिन्डोलिया, भगवान राम को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा देकर बहुमान किया।



विश्व हिंदू परिषद के गठन को 60 वर्ष पूर्ण होने को लेकर होली चौक धोरीमन्ना में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

परमेश्वर जोशी ने बताया कि संगठित रहने को लेकर सनातन धर्म के बारे में जोर देते हुए कहा की उन्होंने राष्ट्रीय व समाज धर्म को संगठित करने का प्रत्येक हिंदू का कर्त्तव्य बनता है समय रहते हुए अगर ध्यान दिया तो पडोसी देश का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि हिंदू बटा तो देश कटेगा। समाचार पत्रों के माध्यम से आप आए दिन बहन बेटियों के साथ क्या हो रहा है। हिंदू संगठित रहेगा देश बढेगा।

संत कृष्णानंद गिरी बताया कि संस्कार एवं सभ्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सनातन धर्म प्रेमियों को जोर देते हुए कहा कि परिवार में संस्कार को महत्व देना आवश्यकता है।

डॉ विष्णु राम बिश्नोई ने आयोजक कर्ताओं को धन्यवाद दिया स्वरूप जैन ने देशभक्ति की कविता से संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष किशोर भार्गव ने किया। धोरीमना खंड मंत्री बीरबल जाणी ने धन्यवाद दिया। धोरीमना क्षेत्र के बुजुर्ग महिलाएं बच्चों व सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अंतर्विभागीय मुद्दों को निपटाकर कार्य में प्रगति लाएं : गौरव अग्रवाल

**जोधपुर**, (कासं )। जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलैक्टर अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से अंतर्विभागीय मुद्दों को निपटाकर कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभाग में आपसी समन्वय से प्रकरणों का निस्तारण करें। जिन प्रकरणों में एक से अधिक विभाग शामिल हैं, उन्हें इन साप्ताहिक बैठकों के माध्यम से हल किया जाए। इस दौरान विभागवार विभिन्न प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई। गौरव अग्रवाल ने कहा की समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं और लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को गति दें। समस्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने चाहिए। जिला स्तरीय रैंकिंग में सुधार के निर्देश देते हुए जिला कलैक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये।

बैठक के दौरान विभागवार संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की स्थिति, ज़िला स्तरीय परफॉरमेंस रिपोर्ट, अंतर विभागीय मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की गई ।

इस दौरान ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ धीरज कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम दीप्ति शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वितीय रतन लाल योगी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर प्रथम प्रहलाद सहाय नागा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर द्वितीय श्वेता कोचर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर तृतीय सुनीता पंकज सहित उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी सोनी की स्मृति में 71 यूनिट रक्तदान



पाली शहर के रजत नगर में समाजसेवी ओमप्रकाश सोनी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के रजत नगर में समाजसेवी ओमप्रकाश सोनी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर व नि'शुल्क चिकित्सा शिविर व नि:शुल्क शुगर ,बीपी,जांच व निशुल्क दवाई वितरण की गई।

पुत्र अमित सोनी ने बताया कि रक्तवीरों द्वारा 71 यूनिट व 105 शुगर,बीपी जांच व 65 लोगों की डॉक्टर द्वारा जांच की गई। नीरज सोनी ने बताया कि शिविर का उद्घाटन सभापति रेखा राकेश भाटी, मेढ़ स्वर्णकार समाज अध्यक्ष देवीलाल सोनी द्वारा किया गया।

डॉक्टर मांगीलाल ब्लड बैंक प्रभारी, डॉक्टर दिनेश सीरवी मेडिसन फिजिसियन, डॉक्टर रेखा सीरवी चर्म रोग विशेषज्ञ,भवानी लेब द्वारा नि:शुल्क सेवाएं दी गई।

इस अवसर पर अनिल भंडारी, विजयराज सोनी, बाबूलाल मौसून, मृतायुमज्य, नरेंद्र माछर, मिठालाल सोनी, महेंद्र वैष्णव पार्षद,सम्पत सेन बाबूलाल सोनी,पवन पांडे, गौतम चौधरी, हरिश पांडे ,खुशबु लोकेश सोनी पार्षद,परमेश्वर पाईसवाल, घनश्याम दास, जगदीश सोनी, बलवीर सीरवी, शक्तिदान सोठा, महेश, मनीष,करण, राहुल, हितेश, अंकित, फुलसिंह, प्रेम, हरिश सोनी, प्रमोद पटेल सहित कई जने मौजूद रहे।

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जताया

**सांचौर**, (निसं)। सांचौर में किसानों का बीमा क्लेम की राशि नहीं मिलने को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश महासचिव के गौरव सारण के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया।

घेराव नियमानुसार फसल नुकसान का सर्वे होने के बावजूद भी कृषि रक्षक पोर्टल पर (14447) पर फोन करने पर अन्य कारण बता क्लेम के लिए अपात्र बता रहे, जिसकी सबूत के तौर पर सर्वे कॉपी सलंग्न है। रिलायंस जनरल इन्शुरेंस फसल बीमा कम्पनी द्वारा रबी सीजन 2023 की बिना कारण बतायेकई किसानों की पोलिसीया निरस्त की है। उसको पुन: सृजित कि जाये। निरस्त पोलिसीयो की प्रति सलंग्न है। रबी सीजन 2022 आदान-अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा आदेश होने बाद किसानो अभी तक नहीं मिली जिसको जल्दी दिलावे।

रबी 2023 में बीमा कम्पनी द्वारा गैर वाजिब और मनगढंत आपतियां डाल बीमा नहीं देने की इस हठधर्मिता पर कार्यवाही करवाकर आपतियों को तुरंत प्रभाव से हटवाकर किसानो को उचित बीमा क्लेम राशि दिलावे। रिलायन्स बीमा फसल बीमा कम्पनी गलत तरिके से किसानो को परेशान कर रही है और बिना आधार बीमा निरस्त कर रही है। इसलिए रिलायन्स फसल बीमा कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड करवाने की कार्यवाही करावे।

इस दौरान किसान नेता पूनमाराम गोदारा, रघुवीरसिंह दातिया ,पारस देवासी, पृथ्वी सिंह अन्नाराम जाट मोहम्मद शाह दाडमाराम,भागीरथराम आरवा, नगाराम देवासी,भंवराराम मेघवाल, वरिंगाराम ,रमेश देवासी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता शुरू



जालोर में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिलाध्यक्ष दशरथ चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता मे जिले से 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला सचिव पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से किया, समारोह के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र भुतडा व प्रतियोगिता की अध्यक्षता सुबोध विधा मंदिर के प्रबंध निदेशक तेनसिंह परमार ने की। भुतडा ने कहा कि योग प्रतियोगिता खेल के साथ साथ चरित्र का भी निमार्ण करता है।

उन्होंने बताया कि हमें पढाई के साथ जीवन में योग को भी जोड़ना चाहिए ओर सुबह सुबह नियमित योग करना चाहिए एवं विशिष्ट अतिथि तेनसिंह परमार ने कहा कि सुबोध संस्थान ने हमेशा खेलों को बढावा दिया है। शहर स्तरीय कई प्रतियोगिता आयोजित करवाई है। योग को भी अब भारत सरकार द्वारा खेलो मे शामिल कर लिया गया है। अतिथियों के उदबोधन के बाद राष्ट्रीय खिलाड़ी चिराग परमार व वंदना चौहान के द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष ,महिला बालक व बालिक ने प्रतियोगिता मे जोश के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक संगिल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर में अपनी प्रतिभा को उजागर करेंगे। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर ए बी सी वर्ग में प्रतियोगी भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर दिनेश सिंह राजपुरोहित, मुकेश राणा, गणपत गहलोत, यश परमार ओम प्रकाश गर्ग, संगीता परमार सुबोध संस्थान के स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे।

# भारत को जानो प्रतियोगिता 6 को

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितम्बर को जालोर में किया जायेगा।

प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि सेवा और संस्कार क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था भारत विकास परिषद् के संस्कार प्रकल्प के तहत भारत को जानो प्रतियोगिता के माध्यम से देश की युवा पीढ़ी को भारतवर्ष की पुरातन संस्कृति, धर्म, इतिहास, भूगोल व साहित्य, वेद पुराण,वैज्ञानिक विकास आदि के साथ देश के महान नायकों व समसामयिक घटनाओं की जानकारी दी जाती है।

# सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागवार प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के कार्यों में गति लाते हुए प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने तथा प्रत्येक स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र को शत-प्रतिशत पेयजल से जोड़े जाने के साथ ही जियो टेंगिंग को लेकर निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकायों एवं पंचायतीराज विभाग को आपस में समन्वय कर नगरीय क्षेत्रों व ग्राम स्तर पर फोगिंग कार्य करवाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जिला कलैक्टर ने जिले में खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांचने के लिए अभियान चलाकर सैंपलिंग बढ़ाने के साथ ही मिसब्राण्ड पाये गये नमूनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशान्वित ब्लॉक आहोर में चिकित्सा सुविधाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने ई-फाईल निस्तारण को औसत समय को कम किये जाने के निर्देश देते हुए सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की पेंडेंसी के संबंध में विभागवार प्रगति देखी। उन्होंने विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा, सहकारिता, पंचायीतराज, चिकित्सा विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय साप्ताहिक बैठक कलैक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भजनलाल विश्नोई, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए चलाये जा रहे प्रधानमंत्री के नवीन 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलैक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने 15 सूत्री कार्यक्रम की विभागवार प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं में अल्पसंख्यक वर्ग की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला अल्पसख्ंयक कल्याण अधिकारी ललित कुमार ने 15 सूत्री कार्यक्रम की विभागवार प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी।

# पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक का आयोजन पेंशनर भवन जैसलमेर में पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नन्दलाल व्यास की अध्यक्षता में किया गया।

व्यास ने बैठक में पेंशनर्स का स्वागत किया तथा प्रति माह के अंतिम शनिवार को 5 बजे होने वाली नियमित मासिक बैठक में अधिक से अधिक पेंशनर्स द्वारा भाग लेने का अनुरोध किया। गत वर्ष पेंशनर दिवस पर आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि हरिवल्लभ कल्ला, सभापति, नगरपरिषद द्वारा पेंशनर भवन के जीर्णोद्धार, नया हाल निर्माण करवाने तथा डोरमेट्री हाल के लिए 10 पलंग मय बिस्तर देने की, की गई घोषणा के क्रियान्वयन हेतु पेंशन समाज के एक प्रतिनिधी मण्डल को जल्द ही सभापति कल्ला से संपर्क करने का निर्णय लिया गया।

नेमीचंद जैन ने केंद्र सरकार द्वारा अभी हाल ही में घोषित की पूर्व प्रचलित और से तुलनात्मक जानकारी से अवगत करवाया गया। पेंशन की राशि को आयकर से मुक्त कराने को लेकर ओमप्रकाश बिस्सा सदस्य द्वारा दिए सुझाव पर एक अभ्यावेदन राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया। मोहनलाल भाटिया कोषाध्यक्ष ने पेंशनर द्वारा अपना पैनकार्ड, आधारकार्ड से लिंक करवाने पर जोर दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत, सांकरणा पंचायत समिति,जालोर**

क्रमांक : ग्राप /मनरेगा /2024-25 / 79 — दिनांक: 02/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2024-25**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सांकरणा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रमगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2425A0307**
**UBN No. - ZJR2425GLOB00406**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत, सांकरणा**
**पंचायत समिति जालोर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत, सांकरणा**
**पंचायत समिति जालोर**

# सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करें : पूजा पार्थ



जालोर कलैक्टर पूजा पार्थ ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर की बालिकाओं को जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग जालोर की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर की बालिकाओं को ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण एवं कौशल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने बालिकाओं को जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने पढ़ाई व करियर सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जिला कलैक्टर से गाइडेन्स मांगा जिस पर जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने बालिकाओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उनकी जिज्ञांसाओं का समाधान किया। जिला कलैक्टर ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही उसे पाने के लिए निरन्तर मेहनत करने तथा लक्ष्य प्राप्ति तक नहीं रूकने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशोक विश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जिला प्रशासन से रूबरू करवाने के साथ ही जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों व उनकी कार्यप्रणाली के बारे में प्रायोगिक रुप से जानकारी प्रदान करना हैं जिससे बालिकाओं का शैक्षणिक एवं कौशल विकास हो सके।

कार्यक्रम के उपरांत बालिकाओं को कलैक्टर कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण करवाकर उनकी कार्यप्रणाली से अवगत करवाया गया।

कार्यालय अधीक्षक रुस्तम खान ने विधिक शाखा में होने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए प्राप्त होने वाले प्रकरणों व न्याय प्रणाली के विषय में जानकारी दी।

इसके उपरांत बालिकाओं को चुनाव शाखा, राजस्व शाखा व संस्थापन शाखा आदि की भी विजिट करवाई गई। जिला कलैक्टर कार्यालय के उपरांत जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विजिट करवाई गई।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने बालिकाओं को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बल्कि हमें इनको आगे लाकर अच्छा अवसर देना चाहिए। ताकि वे हर क्षेत्र में आगे आएं जिससे समाज का सर्वागीन विकास हो सकें।

उन्होंने बालिकाओं को संकल्प दिलवाया कि वे स्वयं व अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहे तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए परिवार के सदस्यों को भी प्रेरित करें। इसके उपरांत बालिकाओं अभय कमांड रूम व सखी वन स्टॉप सेन्टर की विजिट करवाई गई।

कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट द्रौपदी भण्डारी एवं परामर्शदाता तरुणा दवे ने सहयोग किया।

## बैंक मैनेजर के घर में तीसरी बार चोरी की वारदात

**जोधपुर**, (कासं )। जोधपुर शहर के कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 में रहने वाले पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर के मकान में चोरी हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर के मकान से चोर ढाई लाख से ज्यादा के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। उनके मकान में यह तीसरी बार चोरी हुई है। कुड़ी भगतासनी थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई है।

कुड़ी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8/213 में रहने वाले पीएनबी मैनेजर बसंत कुमार पुत्र उमाराम मीणा की तरफ से मामला दर्ज कराया गया।

इसमें बताया कि दो दिन से उनका घर सूना था। 31 अगस्त की रात को अज्ञात चोरों ने दरवाजें के तोडऩे के साथ कुण्डी को तोड़ दिया।

बाद में घर में प्रवेश कर अलमारी बक्सों के ताले भी तोड़ दिए। वहां से साढ़े तीन तोला सोने के जेवर जिनमें मंगलसूत्र, कानों की रिंग, दो चेन, अंगुठियों के साथ 250 ग्राम चांदी के आइटम जिनमें बच्चों के कड़े, हांसली, पायलों की जोडिय़ां और पर्स जिनमें दस हजार की नगदी जोकि दस दस रूपए की गड्डियों के शख्स में थे चुरा ले गए।

बैंक मैनेजर बसंत कुमार के अनुसार उनके मकान में यह तीसरी बार चोरी हुई है। इससे पहले चोर इलेक्ट्रिक वायर चुरा ले गए।

दूसरी बार पानी की मोटर ले गए थे। तब भी कुड़ी भगतासनी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराए गए।

पूरे घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देती है।

# रामदेवरा जा रहे पैदल जातरूओं का स्वागत



बाबा रामदेव के दर्शनार्थ जा रहे जातरूओं का समाजसेवी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने स्वागत कर चिकित्सय सुविधा उपलब्ध करवाई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। बाबा रामदेव के दर्शनार्थ पैदल जा रहे जातरूओं का समाजसेवी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने स्वागत कर उनके स्वास्थ संबंधी जानकारी लेकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई।

भादरवा माह में जैसलमेर के रामदेवरा में बाबा रामदेव जी का ऐतिहासिक मेले में सभी धर्मो के लोग शामिल होते हैं। उनमें से बाबा रामदेवजी के कई भक्त पैदल यात्रा करते हैं। सोमवार को जालोर ,बिशनगढ मार्ग पर रामदेवरा जा रहे जातरूओ सांथू निवासी ललित कुमार, मुकेश कुमार, आकाश कुमार के नेतृत्व मे पैदल जत्था का समाजसेवी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान के नेतृत्व में टीम ने जातरूओ से स्वास्थ संबंधी जानकारी लेकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर जातरूओ का माला पहनाकर स्वागत किया गया और उनकी यात्रा मंगलमय और अच्छी हो ऐसी भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जातरूओ को अल्पाहार भी कराया गया। इसके अलावा इस मार्ग पर बिशनगढ तक रामदेवरा जा रहें जातरुओं की सेवा कर उनका भी स्वागत किया गया ।

इस सेवा कार्य में हितेश कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर श्रेयांश सांगवत और महेंद्र भाटी बीएससी नर्सिंग छात्र ने सहयोग किया।

## सार-समाचार

### लुंबाराम ने नवोदय का निरीक्षण किया

**रेवदर**, (निसं)। सांसद लुंबाराम चौधरी ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कालंद्री का औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस मौके पर चौधरी ने छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उनसे गहन विचार विर्मश किया। सांसद चौधरी ने वहा पढ रहे बच्चों से मुलाकात कर उनके भोजन की व्यवस्था ,आवास की व्यवस्था,पढाई की के बारे में जानकारी भी ली। सांसद लुंबाराम चौधरी ने बच्चों के साथ भोजन कर उन्हें और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया।सांसद चौधरी करीब 1.30 बजे नवोदय विद्यालय पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने बच्चों से पढाई के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने बेहतर पढाई की व्यवस्था होने की बात कही। फिर वह बच्चों के साथ भोजन करने बैठ गये। इसमें भोजन तो ठीक मिला लेकिन पौष्टिक पदार्थो की कमी पाई गई, जिस पर उन्होंने प्राचार्य पी सेलवम को पौष्टिक भोजन बच्चों को खिलाने का निर्देश दिया। सांसद ने बच्चों के आवास रूम,भोजन कक्ष,भोजन सामग्री,नियमित हो रही साफ सफाई के बारे में जानकारी ली, खेल के मैदान का भी निरीक्षण किया। मैस का भी निरीक्षण करते हुए आटा ,तेल सहित खाने की सामग्री चेक की।उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मनसा के अनुसार बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने बाबत एवम बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। चौधरी ने विद्यालय के प्रत्येक हिस्से का सूक्ष्मता से निरीक्षण व अवलोकन किया। व्यवस्थाओं में जहां कमी पाई गई उन सभी व्यवस्थाओं को 2 महीने के अंदर सुधारने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान किसान नेता व नवोदय विद्यालय समिति अभिभावक संघ के सुजान सिंह वडवज उपस्थित रहे।

### अनादरा मंडल का सदस्यता अभियान

**रेवदर**, (निसं)। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी सदस्यता अभियान का आज भाजपा अनादरा मंडल के सिरोडी में बूथ संख्या 98 पर मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा के नेतृत्व में अभियान का शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा ने बताया कि भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ पर 20 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। टोल फ्री कॉल कर नए सदस्य जोडे जाएंगे। शुभारंभ कार्य म में मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवडा,मंडल मंत्री एवं सदस्यता अभियान मंडल सहसंयोजक भाणाराम मेघवाल,बुथ अध्यक्ष दीपाराम चौधरी, युवा मोर्चा के चिराग पुरोहित,गुमान सिंह रावणा, पोपट प्रजापत, विक्रम सिंह देवडा, सरदार सिंह देवडा, दिनेश नागर, इन्द्र सिंह रावणा, अशोक सिंह रावणा, कालूराम देवासी आदि उपस्थित रहे।

### बेसहारा मवेशी परेशानी बने

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर की मुख्य सडकों पर पिछले कई दिनों से बेसहारा मवेशियों का जमघट लगा हुआ है। सभी जगह सडक के बीचों बीच मवेशी बैठे दिखेंगे। यहां तक कि ये बेसहारा मवेशी कलेक्ट्रेट, कचहरी परिसर, नगरपरिषद, एसडीएम निवास के आगे भी काफी मात्रा में दिखेंगे। इतना सबकुछ होने के बावजूद किसी अधिकारी ने नगर परिषद को इस समस्या के समाधान के लिए निर्देशित नहीं किया है।वहीं नगर परिषद हमेशा हादसा होने के बाद ही हरकत में आता है। हालांकि अभी शहर की सभी सडकों पर इनके जमावडे से यातायात बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत के बावजूद प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। नगर परिषद तो सिर्फ हादसे होने के बाद ही जागती है।

### भाजपा नेताओं का स्वागत किया

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी व राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं व करणी सेना कार्यकर्ताओं ने करोटी चौराहे पर स्वागत किया। इस दौरान करणी सेना जिला अध्यक्ष सुजान सिंह वडवज, रेवदर प्रधानप्रतिनिधि अर्जुन देवासी, जिला महामंत्री युवा मोर्चा गणपत सिंह निंबोडा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह निम्बोडा, भाजपा जिला मंत्री प्रकाश राज रावल,करणी सेना जिला उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह जालमपुरा,दीप सिंह केशुआ,अलवर सिंह मगरीवाडा, मण्डल महामंत्री मदन जोशी सहित कई लोग मौजूद थे।

### थल गांव में नंदी का करवाया उपचार

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर के निकट गांव थल में दो नन्दी के आपस में झगडने से एक नन्दी बुरी तरह चोटिल हो गया था जैसे ही इस बात का पता बजरंग दल के कार्यकर्ता काना राम कोली को मालुम हुआ जो दोलपुरा से डाक्टर बुलाकर इसका इलाज करवाया और अब नन्दी ठीक है। इस शुभ कार्य में विश्व हिन्दू परिषद थल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह थल. दयालु राम गरासिया, बजरंग दल सदस्य काना राम कोली, मोवा राम कोली, गणेश राम कोली उपस्थित थे।

### अवैध खनन में लिप्त एस्केवेटर जब्त

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। खनिजों के अवैध खनन एवं निर्गमन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए एक एस्केवेटर मशीन जब्त की गई। खनि. अभियंता वेदप्रकाश ने बताया कि बाड़मेर उपखंड स्तरीय टास्क फोर्स ने तीसरे दिन सोमवार को आकस्मिक जांच के दौरान कुर्जा गांव में खनिज मेसेनरी-स्टोन के अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर एक एस्केवेटर मशीन जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में अग्रिम जांच की जा रही है।

### गर्ग कैथल जिले के जिला प्रभारी नियुक्त

**जालोर**, (कासं)। भाजपा केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा विधानसभा आम चुनाव के लिए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को हरियाणा राज्य के कैथल जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए जिला प्रभारी नियुक्त किया है। गर्ग हरियाणा के कैथल जिले के भाजपा जिला प्रभारी के रूप में प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार-प्रसार करेंगे।

## मंत्री पटेल ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई की

**जोधपुर**, (कासं )। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान पटेल ने जोधपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई में आए परिवादियों ने शिक्षा,सड़क,चिकित्सा, विद्युत, पेयजल एवं पंचायतीराज विभाग सहित अन्य आमजन से संबंधित परिवेदनाएं मंत्री पटेल को सौंपी। जिस पर उन्होंने परिवेदनाओं के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय,पथ अंत्योदय के ध्येय पर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पंहुचे, इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के साथ पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जन सुनवाई के माध्यम से आमजन से जुड़े सरकारी कार्यों का त्वरित समाधान कर राहत प्रदान की जा रही है।

पूर्व कुलपति डॉ.गुलाब सिंह चौहान, गणपत सिंह सजाड़ा, सुमेर सिंह राजपुरोहित, खिंवराज जांगिड़, छोटू सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह बेरू, श्याम सिंह सजाड़ा, सज्जन सिंह, किशन भींचर सहित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# निराश्रित पशुओं व अवैध खनन पर कार्रवाई करें : मंत्री



पाली में जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलैक्टर कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई । बैठक में जिला कलैक्टर ने गत सप्ताह की प्रगति की समीक्षा के लिये विभिन्न विभागों के कार्यों और प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में बजट घोषणाओं के बारे में बकाया कार्यों की स्थिति प्रपोजल के बारे में जानकारी ली और मौसमी बीमारियों के बारे छिड़काव के बारे में जानकारी ली साथ ही पीएचईडी से क्लोरीनेशन, पेयजल आपूर्ति , स्वच्छता, बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार के बारे, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर की स्थिति, बिजली सम्बन्धी समस्याओं में क्विक रिस्पॉन्स , सार्वजनिक निर्माण विभाग में सड़कों की मरम्मत के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही नगर परिषद को पशुओं को मार्ग से हटाने, पानी निकासी के बारे में निर्देश दिये।

जिला कलैक्टर ने पशुपालन विभाग को मार्गो से निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में छोड़ने के लिये कहा साथ ही उन गौशालाओं पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिये कहा जो निराश्रित पशुओं को लेने से मना करते हों । साथ ही माइनिंग विभाग को अवैध माइनिंग पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

बैठक में पौधारोपण अभियान ,शिक्षा विभाग की योजनाओं, प्लास्टिक मुक्त व गंदगी मुक्त स्कूलों के बारे में जानकारी ली और इरीगेशन में नहरों की मरम्मत के बारे में निर्देश दिये।

साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ई गर्वेनेंस के बारे में ,श्रम विभाग की योजनाओं की प्रगति के बारे में व समाज कल्याण की वि.भिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में एडीएम, सीलिंग भवानी सिंह ने भी बैठक में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला परिषद सीईओ , नन्दकिशोर राजौरा, डीएफओ ,पी मरूगन बाला , यूआईटी सचिव , डॉ पूजा सक्सेना , उपखंड अधिकारी पाली एवं नगर परिषद के अशोक कुमार, सीएमएचओं प्रमुख विभागों पानी , बिजली , पीडब्ल्यूडी , व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला में आर्य वीरांगना दीपिका, पुरूष में भीनमाल के शाहरूख बेस्ट एथलीट



जालोर के निकट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बादनवाडी में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन सोमवार को बादनवाडी के खेल मैदान में हुआ।

समापन समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बादनवाडी के प्रधानाचार्य फिरोज खान के मुख्यातिथ्य व समाजसेवी उमेश कुमार पांडेय सानिध्य में हुआ।जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया की दूसरे दिन आयोजित अंडर 18 पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शाहरुख खान ने प्रथम, राहुल परमार ने द्वितीय, 200मीटर में जावेद, हितेश, 400 मीटर में साहिल,चतराराम, 800 मीटर में मोहम्मद अफजल मेहर,युवराज सिंह व 1000 मीटर दौड़ में हरसन,भमराराम ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार अंडर 18 बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नियुज कँवर,भावना, 200 मीटर में दीपिका सेन,भूमिका राजपुरोहित, 400 मीटर में भूमिका राजपुरोहित,दीपिका सेन व लंबी कूद में प्रेरणा बालावत, सुषमा ने क्रमश: पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया।

बालकों के 20 वर्ष आयुवर्ग की 400 मीटर दौड़ में किशोर व हुतिराम ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसके बाद आयोजित खिलाड़ियों की मैडल सेरेमनी में धावकों को संबोधित करते हुए स्थानीय राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य फिरोज खान ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है,इसलिये हर बच्चे को किसी न किसी खेल का नियमित अभ्यास करना चाहिये।

मैडल सेरेमनी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बादनवाडी के शारीरिक शिक्षक जेठाराम गुर्जर,बनो चेम्पियन कोच कैलाश चन्द्र सहित खिलाडी मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार दो दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ी 22 से 24 सितम्बर तक श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## सार-समाचार

### घर के बाहर खड़ी मोपेड को आग लगाई

**जोधपुर**, (कासं )। अंदरूनी क्षेत्र हाथी चौक खांडाफलसा में सोमवार की सुबह बाइक पर आए दो युवकों ने एक घर के बाहर खड़ी मोपेड को आग लगा दी। जिससे मोपेड जलकर नष्ट हो गई। आग लगने का पता लगने पर लेखा पुरोहित के परिवार के लोग घर से बाहर आए और अपने स्तर पर आग को बुझाया मगर तब तक स्कूटी जलकर नष्ट हो चुकी थी। अपनी गाड़ी को जलता देख उनकी रूलाई फूट पड़ी। उन्होंने पुलिस से इस बारे में कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में पीड़ित एक महिला की तरफ से खांडाफलसा थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से दो युवकों की पहचान की है जिनकी तलाश चल रही है। आशंका है कि किसी विवाद के चलते घटनाक्रम को अंजाम दिया गया है। खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि हाथी चौक क्षेत्र में रहने वाली लेखा पुरोहित के घर के बाहर खड़ी स्कूटी को किसी शख्स द्वारा आग लगाने की सूचना सुबह मिली थी। तब पुलिस वहां पहुंची। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगा कि अलसुबह छह बजे के आस पास एक बाइक पर दो युवक आते है और ज्वलनशील पदार्थ मोपेड यानी स्कूटी पर डालकर आग लगाते है। फुटेज के आधार पर युवकों की पहचान की गई है, जिनकी तलाश चल रही है। मामले को लेकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने किसी अनुराग और चिराग नाम के शख्स की पहचान की है, फिलहाल इनके पकड़े जाने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि किस कारण से यह आग लगाई है। संदेह है मामला आपसी विवाद का हो सकता है।

### 7 किलो अवैध अफीम का दूध पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं )।जोधपुर ग्रामीण की कापरड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 7 किलो अवैध अफीम का दूध बरामद किया । तलाशी के दौरान कार से एक लोडेड स्पेन निर्मित पिस्तौल और पांच कारतूस भी बरामद किए गए। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कापरड़ा थाना पुलिस और जिला विशेष टीम ने बिनावास सरहद में कूड़ फांटा के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कर आते दिखाई दी, जिसे रुकने का इशारा किया गया। इस पर चालक कार को तेज गति से भगाकर ले गया। तेज स्पीड में कार सड़क किनारे पत्थर से टकराकर बंद हो गई। पुलिस ने घेराबंदी कार चालक और साइड में बैठे एक व्यक्ति को घेरकर दबोच लिया। कार चालक की साइड वाली सीट के नीचे थैला मिला, जिसमें से प्लास्टिक की 7 थैलियों में 7 किलो 96 ग्राम अवैध अफीम दूध बरामद किया गया। इसके अलावा एक स्पेन निर्मित पिस्टल और 5 कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी मनोज जाट निवासी उमादेसर और राकेश जाट निवासी तापू को गिरफ्तार किया।

### डॉ. भारती ने निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. भारती सारस्वत, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, मेडिकल कालेज, जोधपुर द्वारा सोमवार को दोपहर 1 बजे मथुरादास माथुर अस्पताल के ट्रोमा सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. नवीन किशोरिया,अधीक्षक, डॉ. दीपक टाक, उप-अधीक्षक, डॉ. संदीप, उप-अधीक्षक उपस्थित थे। ट्रोमा सेटर मे महिला चिकित्सको के लिये अलग से रेस्ट रूम एवं टॉयलेट की व्यवस्था कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ करने एवं तीनों पारियों में महिला सुरक्षाकर्मी लगाने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य आपातकालिन मेडिसिन का निरीक्षण किया तथा वहां पर चिकित्सक ड्यूटि रूम को व्यवस्थित रूप से बनाने के निर्देश दिये। चिकित्सक एंव नर्सिगकर्मी उपस्थित पाये गये एवं चिकित्सा व्यवस्थाएं सुचारू संचालित की जा रही थी।

### एन.सी.सी. नामांकन भर्ती आज

**जोधपुर**, (कासं )। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक वायुसेना में मंगलवार को एनसीसी कैडेट नामांकन भर्ती प्रक्रिया का आयोजन होगा। प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कक्षा आठवीं और नौवीं के कुल 150 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया हैं। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों का विभिन्न चरणों में मूल्यांकन कर 29 विद्यार्थियों का अंतिम चयन किया जाएगा। एनसीसी अधिकारी मुकेश कुमार सुथार ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। पहले चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा, उसके बाद लिखित परीक्षा और अंत में साक्षात्कार होगा। भर्ती प्रक्रिया में एनसीसी यूनिट 4 राज एयर स्क्वाड्रन जोधपुर के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन पुष्कर यादव और जूनियर वारंट ऑफिसर पीके त्यागी मौजूद रहेंगे।

### नर्सिंग स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं )। जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में नर्सिंग स्टूडेंट्स ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। नर्सिंग स्टूडेंट्स ने बताया कि वह महात्मा गांधी अस्पताल के अलावा उम्मेद अस्पताल एवं एमडीएम अस्पताल में भी ड्यूटी पर जाते हैं। उन्हें कई बार अलग-अलग अस्पतालों में ड्यूटी पर जाना होता है लेकिन उनके लिए वहां पर जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। सभी को अपने स्वयं की सुरक्षा पर वहां जाना होता है। उनके लिए बस या एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए जिससे वह रात्रि ड्यूटी के दौरान समय पर पहुंच सके।

### करंट से किसान की मौत

**जोधपुर**, (कासं )। ओसियां क्षेत्र के नौसर गांव में खेत में काम करते समय एक युवा किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नौसर गांव निवासी महेंद्र पुत्र अमराराम जाट खेत में लगे ट्रांसफार्मर के पास घास काट रहा था, तभी पास लगे अर्थ के तार के संपर्क में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे उप जिला अस्पताल ओसियां लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

